राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः– एफ.4(ई)/द्वितीय एसीपी 94/अलेसे–III/4066-4073 दिनांकः– 24/6/2014

## कार्यालय आदेश

श्री नरेन्द्र शर्मा, ( 396/94 ) की कनिष्ठ लेखाकार के पद पर प्रथम नियुक्ति तिथि 02.03.1996 है। श्री नरेन्द्र शर्मा कनिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यग्रहण करने से पूर्व समान वेतनमान में सांख्यिकी सहायक के पद पर दिनांक 01.12.1995 को कार्यग्रहण किया है एवं इनकी सेवायें नियमित रही हैं। अतः श्री नरेन्द्र शर्मा को राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.11(7) वित्त(नियम)/2008/ दिनांक 12.9.2008, आदेश संख्या एफ 11(7) वित्त (नियम) पार्ट–I/ 2008 दिनांकः– 6.10.2008 एवं राज्य सरकार के आदेश संख्या एफ.11(7) एफ.डी./रूल्स/ 2008–I/ 2008 दिनांक 31.12.2009 के बिन्दु संख्या 7(III) के अनुसरण में समान वेतनमान में की गई सेवा को जोड़कर सांख्यिकी सहायक के पद पर कार्यग्रहण तिथि दिनांक 01.12.1995 से 18 वर्ष की निरन्तर संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर 01.12.2013 से कनिष्ठ लेखाकार के पद की द्वितीय आश्वासित कैरियर प्रगति (ए.सी.पी.) वेतन श्रृंखला पी.बी.–2 (9300–34800) ग्रेड पे 4800/– में स्वीकृत किया जाता है।

श्री नरेन्द्र शर्मा को वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प.014 (88) वित्त/ नियम/2008 दिनांक 31.12.2009 में दी गई शर्तो के संबंध में संतोषजनक सेवा संबंधी प्रमाण पत्र, संतान संबंधी घोषणा पत्र एवं वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनो की उपलब्धता के आधार पर आश्वासित कैरियर प्रगति(एसीपी) स्वीकृत किया जाता है।

श्री नरेन्द्र शर्मा का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12.9.2008 के पैरा 19 के अनुसार संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। वेतन निर्धारण से पूर्व कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि संबंधित कर्मचारी संशोधित वेतनमान 2008 में वेतन प्राप्त कर रहा है एवं एसीपी स्वीकृति तिथि को इनके विरूद्व कोई विभागीय जाचं लम्बित नहीं है। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्टि आवश्यक रूप से संबंधित कनिष्ठ लेखाकार की सेवापुस्तिका में की जावे।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.4(ई)/द्वितीय एसीपी 94/ अलेसे–III/ 4066–4073 दिनांकः– 24/6/2014
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. कोषाधिकारी, कोषालय (ग्रामीण) जोधपुर।
2. श्री नरेन्द्र शर्मा, क.लेखाकार, कार्यालय कोषाधिकारी, ग्रामीण जोधपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक महोदया ।
4. उपनिदेशक(एसीपी) विभागीय वैबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु।
5. निजी/गार्ड फाईल ।

(डॉ0 अरविन्द कुमार मिश्रा)
अतिरिक्त निदेशक(कार्मिक–II)